विपणन व प्रचार
प्रधान कार्यालय
media@mahabank.co.in; cmmedia@mahabank.co.in

# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक : 17.02.2020**

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र को प्रतिष्ठित 'टीम ऑफ द ईयर' अवार्ड प्राप्त

**पुणे, 17 फरवरी, 2020:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र, खजाना व अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग (टीआईबीडी) को दिनांक 16 फरवरी, 2020 को मुंबई में आयोजित ईटी नाउ - बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड समारोह में प्रतिष्ठित ’टीम ऑफ द ईयर’ अवार्ड से सम्मानित किया गया।

श्री ए. सी. राउत, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और श्री दिनकर संकपाल, उप महाप्रबंधक तथा टीआईबीडी प्रमुख ने डॉ. न्यूटन कोंडावेती, संस्थापक और अध्यक्ष तथा डॉ. लक्ष्मी कोंडावेती, सह-संस्थापक और अध्यक्ष, लाईफ यूनिवर्सिटी के हाथों से ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विजेताओं का चयन विशेष निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं।

"टीम ऑफ द ईयर" अवार्ड प्राप्त करना उद्योग में प्रतिष्ठापूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस अवार्ड का मूल्यांकन कार्यनिष्पादन के उपायों के आधार पर किया जाता है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, डोमेस्टिक एंड फॉरेक्स ट्रेजरी को इसकी गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन सेवाओं के लिए आईएसओ 9001 : 2015 प्रदान किया गया है। टीआईबीडी की सक्रिय रूप से आगे बढ़ने की और गणनायोग्य परिणाम प्रदान करने की एक लंबी परंपरा रही है। पिछले कुछ वर्ष भी इसका कोई अपवाद नहीं रहे हैं। इन वर्षों में भी टीआईबीडी ने बैंक की लाभप्रदता की बॉटम-लाईन के लिए अत्यधिक और प्रमुख योगदान दिया है। टीआईबीडी ने खजाना परिचालनों से आय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 20% की वृद्धि दर्ज की है, जो कि अन्य अधिकांश समकक्ष सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में बेहतर है।

श्री मुकेश कुमार सैनी, सहायक महाप्रबंधक, श्री अभिषेक चौबे, सहायक महाप्रबंधक, श्री रूपेश विश्वास, मुख्य प्रबंधक और श्री राजेश कुमार, मुख्य प्रबंधक, टीआईबीडी भी समारोह में उपस्थित थे।




फोटो : श्री ए. सी. राउत, कार्यपालक निदेशक और श्री दिनकर संकपाल, उप महाप्रबंधक तथा टीआईबीडी प्रमुख, बैंक ऑफ महाराष्ट्र दिनांक 16 फरवरी, 2020 को मुंबई में लाईफ यूनिवर्सिटी के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. न्यूटन कोंडावेती तथा सह-संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी कोंडावेती के हाथों से ईटी नाउ - बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड समारोह में प्रतिष्ठित ’टीम ऑफ द ईयर’ अवार्ड प्राप्त करते हुए।